उत्तर रेलवे

230—विद्युत लोको परिचालन/दिल्ली/तकनीकी—24/2023
दिनांक :— 05.01.24

मण्डल कार्यालय
नई दिल्ली

# तकनीकी सर्कुलर—DLI/RSO-08/2023

**विषयः— शंटिग के लिए आवश्यक निर्देश।**

वर्तमान में यह देखने में आया कि न्यू अटेली स्टेशन पर लोको पायलट के द्वारा शंटिग के दौरान निर्धारित नियमो का पालन नहीं किया जिसके फलस्वरूप गाडी के चक्के अवपथित हो गए अतः शंटिग के दौरान निम्नलिखित निर्देशों का पालन अवश्य करें।

1. शैड से लोको निकालते समय लोको की पूर्ण जांच भली—भांति करें।
2. लोको को हमेशा वर्किंग(अगली) कैब से ही चलाए। जहाँ पर पॉइन्टस मेन की व्यवस्था नही है, वहाँ पर स्वयं काँटो को सेट व लॉक करें।
3. शंटिग करते समय शंटिग नियमों का पूर्णतः पालन करें, एक शंटिग कर्मचारी को कैब में अवश्य रखें। तथा वाशिंग लाइन से रेक निकालते समय कम से कम 4-6 कोचो में बी0 पी0 प्रैशर अवश्य बनायें।
4. लोको को लोड पर अटैच करते समय 20 मी0 पहले अवश्य रूके उसके बाद धीरे धीरे चलकर 1-2 मी0 पहले अवश्य खड़े हो तदोपरांत 2-3 KMPH की गति से कपलिंग जोड़े उसके बाद थोड़ा खिचांव देकर कपलिंग के सही लगे होने की तसल्ली करें।
5. कैब बदलते समय सभी कॉक बंद, RS सही स्थिति पर, BL-BOX सही ढ़ग से लॉक होना तथा A-9 व SA-9 का रिलीज होना अवश्य सुनिश्चित करें।
6. लोको को गाड़ी पर जोड़ते समय सर्व प्रथम लोको का नकल खोलें व कपल न होने की स्थिति में, लोको व कोच दोनों के नकल खोलें तथा कपलिंग लगने के बाद ' मैनुअल अनकपलिंग डिवाइस ' लॉक स्थिति में होनी चाहिए। U क्लैम्प अवश्य लगवाए।
7. शंटिग के दौरान ABB लोको में स्विच 160 को '0' पर करें व WAG-12B लोको को 'शंटिग मोड' में सेलेक्ट करें । उपरोक्त स्विच की पोजिशन को नियमानुसार ही बदले। स्टेशन पर चार्ज देने से पहले स्विच. 160 का पोजिशन '1' पर होना अवश्य सुनिश्चित करें।
8. कपल्ड लोको की शंटिग करते समय दोनो लोको के ब्रेक रिलीज होने के बाद ही ट्रैक्शन दें।
9. दिल्ली में शंटिग के दौरान न्यूट्रल सैक्शन से पहले पर्याप्त गति होनी चाहिये।
10. आगे की तरफ शंटिंग कार्य करते समय सिगनल व काँटे की सही स्थिति की तसल्ली करना ई.टी. का कर्तव्य है। अतः आगे तसल्ली पूर्वक बढ़े।
11. लोड के साथ शंटिंग कार्य करते समय SA-9 के द्वारा ब्रेक न लगाये, हमेशा A-9 के द्वारा ही ब्रेक लगाये।
12. शैड/आउटपिट/यार्ड जहाँ पर कई लाईन एक जगह मिलती है, उनमें से किसी लाईन में से चलने से पहले वर्किग कैब से दायें/बायें झांककर अन्य मूवमैन्ट न होने की तसल्ली करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/परिचालन
उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

**प्रतिलिपि :—**

1- मण्डल रेल प्रबंधक/ दिल्ली/उत्तर रेलवे सूचनार्थ।
2- अपर मण्डल रेल प्रबंधक/परिचालन/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे—सूचनार्थ।
3- मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे—सूचनार्थ।
4- वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक/C/मण्डल कार्यालय/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे—सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
5- वरिष्ठ मण्डल अभियंता/C/मण्डल कार्यालय/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे—सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।

उत्तर रेलवे

5- समस्त मुख्य लोको निरीक्षक–गाजियाबाद, दिल्ली, नई दिल्ली, आनन्द विहार, पानीपत, जींद, जाखल, रोहतक, निजामुद्दीन, पलवल, मेरठ, शकुरबस्ती एवं तुगलकाबाद– अपने सभी नामित/गैर नामित रनिंग स्टाफ को काउंसिल करें।

6- सभी लॉबी नोटिस बोर्ड–सूचनार्थ।

7- प्रधानाचार्य– ETC/ GZB, RSTC/SSB, DTC/TKD - आवश्यक कार्यवाही हेतू।

8- बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र/तुगलकाबाद/उ0रे0–आवश्यक कार्यवाही हेतू।